रोहतक में बनेगा लीवर और किडनी ट्रांसप्लांट सेंटर

चर्चा में क्यों?

26 जुलाई, 2023 को हरियाणा के एक सरकारी प्रवक्ता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राज्य में अब लीवर और किडनी से संबंधित गंभीर बीमारियों के इलाज के लिये मरीजों को जल्द ही रोहतक ज़िले में स्थित पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (पीजीआईएमएस) में लीवर और किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा मिलेगी।

प्रमुख बिंदु

- इस संबंध में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है।
- एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार निरंतर प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान कर रही है। इसी कड़ी में पीजीआईएमएस, रोहतक में ट्रांसप्लांट सेंटर स्थापित करने के साथ-साथ मैनपावर को भी मंजूरी प्रदान की गई है।
- इस सेंटर के लिये 3 लीवर ट्रांसप्लांट सर्जन, 2 रेनल ट्रांसप्लांट सर्जन और 2 नेफ्रोलॉजिस्ट के पदों की भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/liver-and-kidney-transplant-centre-to-be-built-in-rohtak